# सोचा नहीं था वेब सीरीज से डेब्यू करेगा, बेटा वीर




राजकुमार हिरानी हिंदी सिनेमा जगत में सबसे मंझे हुए, सबसे दिलचस्प और दमदार फिल्ममेकर्स में से हैं। बॉलीवुड को मुन्ना भाई एमबीबीएस, लगे रहो मुन्ना भाई, 3 इडियट्स और संजू जैसी यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले राजू हिरानी भी अब वक्त के साथ कदमताल कर रहे हैं। उन्होंने पहली बार बतौर प्रोड्यूसर ओटीटी का रुख किया है और वेब सीरीज प्रीतम और पेड्रो लेकर आए हैं। अरशद वारसी के साथ इस सीरीज में राजू के उनके बेटे वीर हिरानी ने भी एक्टिंग में कदम रखा है। हालांकि, राजू हिरानी दो टूक शब्दों में कहते हैं कि उन्होंने बेटे वीर को एक्टर बनने से मना किया था। से खास बातचीत में राजकुमार हिरानी ने बताया कि वीर ने उन्हीं की फिल्म 3 इडियट्स के डायलॉग दिल की सुनो सुनाकर अपने पिता को चित कर दिया। वीर के एक्टिंग की ओर रुझान का वाक्या याद करते हुए राजू हिरानी बताते हैं, मुझे जब पता चला कि वीर एक्टिंग करना चाहते हैं तो मैंने कहा कि मत करो। मुझे लगता था कि उसे फिल्म बनाना अच्छे से आता है। वो बचपन से शॉर्ट फिल्म बनाता था, तो मैंने कहा कि तुम अच्छी फिल्म बनाते हो, ये क्यों करना चाहते हो इस पर उसने कहा कि आपने 3 इडियट्स बनाई थी। उसमें कहा था कि जो दिल को अच्छा लगे वो करो, तब मैं फंस गया और मैंने कहा कि ठीक है तुम्हें करना है तो पहले एक्टिंग सीखो। मेरे दिमाग में था कि वो फिल्म करना चाहता है। फिल्मों के लिए उसकी बातचीत भी चल रही थी। मैं भी कोई स्क्रिप्ट ढूंढ़ रहा था। मुझे नहीं लगा था कि वो वेब सीरीज करेगा पर उसने कहा कि मुझे कोई हिचक नहीं है।

● **प्रीतम घर में ही थे, मगर हमें नजर नहीं आ रहे थे**–राजकुमारी हिरानी आगे बताते हैं कि बेटे वीर हिरानी ने उनकी बात पर अमल किया। तीन साल ड्रामा स्कूल में पढ़ाई की। फिर फिरोज खान के साथ नाटक किया, उसके बाद ही यह सीरीज की। अपने शो का प्रीतम घर में ही मिलने की बात पर डायरेक्टर ने कहा, प्रीतम घर में ही थे, मगर हमें नजर नहीं आ रहे थे। हम ये सीरीज बना रहे थे, मगर वीर दिमाग में नहीं थे। कास्टिंग चल रही थी तो वीर ने मेरे ऑफिस में जो साहिल हैं, उनको बोला कि मैं यहां बैठा हूं, मेरी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। मेरे दिमाग में था कि वो फिल्म करना चाहता है। फिल्मों के लिए उसकी बातचीत भी चल रही थी। मैं भी कोई स्क्रिप्ट ढूंढ़ रहा था। मुझे नहीं लगा था कि वो वेब सीरीज करेगा पर उसने कहा कि मुझे कोई हिचक नहीं है। तब मैंने कहा कि ठीक है, तुम ऑडिशन दो, ऑडिशन ठीक रहा तो उन्होंने मुझसे बात की। मैंने कहा कि मुझे कोई दिक्कत नहीं है। वो वक्त अब चला गया कि फिल्म से ही शुरुआत होनी चाहिए। अभी तो आप काम करते जाओ और सीखते भी जाओ। अगर आप अच्छा काम करेंगे तो अच्छा काम मिलता भी रहेगा। अगर आपको लगता है कि ऐसा करके आप किसी को बहुत यादा ठेस पहुंचा रहे हैं तो आप क्यों कर रहे हैं मत करो न, क्योंकि आप स्वार्थी होकर किसी का फायदा उठा रहे हैं।

● **कॉमेडी में हद पता होनी चाहिए**–राजू हिरानी की फिल्मों में ह्यूमर की एक खास जगह रही है। साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करती प्रीतम एंड पेड्रो भी इसी कड़ी में शामिल है। लेकिन आज कॉमेडी को लेकर काफी आपत्तियां सामने आ रही हैं। बकौल राजू हिरानी, कॉमेडी कई तरह की होती है। दूसरे के दुर्भाग्य पर हंसना भी एक तरह की कॉमेडी है, लेकिन आपको एक हद पता होनी चाहिए। अगर आपको लगता है कि ऐसा करके आप किसी को बहुत यादा ठेस पहुंचा रहे हैं तो आप क्यों कर रहे हैं मत करो न, क्योंकि आप स्वार्थी होकर किसी का फायदा उठा रहे हैं। अगर आप अपने फायदे के लिए किसी का बहुत यादा मजाक उड़ाओगे तो उसे ठेस पहुंचेगी ही। मेरा मानना है कि आप बिना किसी को ठेस पहुंचाए भी कॉमेडी कर सकते हैं।




# राम कपूर से परेशान हैं श्रेया कालरा...?



श्रेया कालरा ने राम कपूर पर टास्क के दौरान सीमाएं लांघने का आरोप लगाया है। अब इस विवाद पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। लॉक अप-2 के लेटेस्ट एपिसोड में एक नया विवाद सामने आया है। कंटेस्टेंट श्रेया कालरा ने शो के अंदर राम कपूर के बिहेवियर को लेकर खुलकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि राम टास्क के दौरान कई बार जरूरत से ज्यादा करीब आ जाते हैं और उन्हें अपनी सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए। श्रेया कालरा का यह बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई है।

लॉक अप-2 शो में शिल्पा शिंदे से बातचीत करते हुए श्रेया कालरा ने हाल ही में हुए एक टास्क का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि टास्क के दौरान राम कपूर उनके काफी करीब आ गए थे। श्रेया के मुताबिक, इस दौरान अन्य कंटेस्टेंट्स ने भी राम से दूरी बनाए रखने के लिए कहा था।

श्रेया ने कहा कि उन्हें राम का व्यवहार कंफर्टेबल लगा और उन्होंने साफ शब्दों में कहा- 'कुछ तो सीमाएं बनाए रखें मेरे पापा भी इतना किस नहीं करते श्रेया ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि अगर भविष्य में फिर ऐसी कंडीशन बनी तो वह इसका विरोध करेंगी। उन्होंने कहा कि 'अगर वह फिर मुझे किस करने की कोशिश करेंगे तो मैं उनका मुंह पकड़ लूंगी और कहूंगी कि मेरे पापा भी मुझे इतना किस नहीं करते।' उनके इस बयान की क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और यूजर्स इस पर अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं।

# जैकलीन के गाने पर मचा है हंगामा

एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के म्यूजिक वीडियो जुगनी में वार्डरोब मालफंक्शन का शॉट वायरल होने से सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ गया है। विवाद बढ़ने पर मेकर्स ने वीडियो को ब्लर इफेक्ट देकर एडिट किया है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के लेटेस्ट म्यूजिक वीडियो जुगनी को लेकर बवाल मचा हुआ है। इसे बी प्राक और सोनू ठुकराल ने गाया है। गाना आते ही वायरल हो गया। लेकिन इससे एक कंट्रोवर्सी भी जुड़ गई।

**विवाद क्यों?** -म्यूजिक वीडियो में जैकलीन का वार्डरोब मालफंक्शन हुआ है। गाना जैसे ही रिलीज हुआ इसके एक शॉट ने नेटिजन्स के बीच खलबली मचा दी। एक सीन में डांस करती हुई जैकलीन का क्लोजअप शॉट लिया गया है। उन्होंने रिवीलिंग ब्लाउज पहना है। वो डांस मूव्स दिखा रही हैं। लेकिन ब्लाउज लूज होने की वजह से वो वार्डरोब मालफंक्शन की चपेट में आईं। इस क्लिप का वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो गया। यूजर्स के तरह-तरह के रिएक्शन आने लगे। लोगों ने जैकलीन और मेकर्स को ऐसे शॉट दिखाने पर लताड़ लगाई। इसे वल्गैरिटी और शर्मनाक हरकत करार दिया।

कुछ लोगों का कहना है कि कैसे एडिटिंग के वक्त जैकलीन के साथ हुआ ये मोमेंट एडिटर को नहीं दिखा? कैसे ये ऊप्स मोमेंट मेकर्स की आंखों से मिसिंग रह गया? यूजर्स के मुताबिक, ये सीन जानबूझकर बिना एडिट किए गाने में रखा गया, ताकि गाने को पब्लिसिटी मिले।

**मेकर्स ने कैसे सुधारी गलती?**-विवाद बढ़ता देख मेकर्स ने वीडियो को एडिट किया। जिस सीन में जैकलीन वार्डरोब मालफंक्शन का शिकार हुई हैं, वहां ब्लर इफेक्ट देकर एडिटिंग की गई है। जैकलीन के उस डांस सींस को कट ना करते हुए मेकर्स ने रिवीलिंग पार्ट को ब्लर किया है। इस मामले पर अभी तक ना ही जैकलीन और ना ही जुगनी के मेकर्स ने कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है।

वर्कफ्रंट पर जैकलीन को फैंस ने इससे पहले मूवी वेलकम टू द जंगल में देखा था। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, अरशद वारशी, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता नजर आए। फिल्म को अहमद खान ने डायरेक्ट किया। मल्टीस्टारर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। सितारों की भीड़ में जैकलीन का रोल अच्छा खासा था। जैकलीन फिल्मों के अलावा म्यूजिक वीडियोज से सुर्खियां बटोरती हैं। वो इंस्टा पर अपनी ब्यूटी और ग्लैमरस अदाओं को फ्लॉन्ट करती हैं।

# अर्जुन कपूर को मिली नई गर्लफ्रेंड...?

भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे के दौरान एक्टर अर्जुन कपूर और कंटेंट क्रिएटर-एक्ट्रेस साहिबा बाली एक साथ नजर आए, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों की डेटिंग को लेकर अटकलें तेज हो गईं। मैच के दौरान दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए और यूजर्स ने उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह के दावे करने शुरू कर दिए। हालांकि अब साहिबा बाली ने खुद सामने आकर इन अफवाहों पर विराम लगाने की कोशिश की है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए वायरल चर्चाओं और गलत दावों पर अपना स्पष्ट रुख जाहिर किया।

**क्या अर्जुन कपूर और साहिबा बाली सच में डेट कर रहे हैं?**-लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला देखने पहुंचे अर्जुन कपूर और साहिबा बाली की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं। दोनों नीले रंग के आउटफिट में नजर आए, जिसके बाद इंटरनेट पर उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। कई सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी।




**डेटिंग अफवाहों पर साहिबा बाली ने क्या कहा?**-अर्जुन कपूर ने फिलहाल इन चर्चाओं पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन साहिबा बाली ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने अर्जुन कपूर के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हर बात पर भरोसा मत कीजिए। इसके साथ उन्होंने अर्जुन कपूर की फिल्म 2 स्टेट्स के पॉपुलर गाने लोचा-ए-उल्फत को भी स्टोरी में शामिल किया, जिससे उनका जवाब हल्के-फुल्के अंदाज में नजर आया।

र्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने साल 2018 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। दोनों अक्सर साथ नजर आते थे और लंबे समय तक बॉलीवुड के चर्चित कपल्स में गिने जाते रहे। हालांकि 2024 में दोनों के अलग होने की खबर सामने आई। अपने रिश्ते के दौरान दोनों को उम्र के करीब 12 साल के अंतर को लेकर सोशल मीडिया पर कई बार ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। साल 2024 में फिल्म सिंघम अगेन के प्रमोशनल इवेंट के दौरान जब भीड़ ने मलाइका अरोड़ा का नाम लेकर उनसे सवाल पूछा, तब अर्जुन कपूर ने मुस्कुराते हुए कहा था, नहीं-नहीं, अभी सिंगल हूं, आराम करो।

**क्या कर रहे हैं अर्जुन कपूर?**-अर्जुन कपूर आखिरी बार फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में नजर आए थे। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह भी अहम भूमिकाओं में थीं। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद से एक्टर ने अभी तक अपने अगले प्रोजेक्ट का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।

छोटा पर्दा

# अदा खान फिर बनेंगी खलनायिका...



स्टार प्लस पर जल्द ही कई नए टीवी सीरियल शुरू हो रहे हैं। अब खबर है कि एक अपकमिंग शो में नागिन की पॉपुलर एक्ट्रेस अदा खान नजर आएंगे। टीवी इंडस्ट्री से एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। खबरों के मुताबिक, स्टार प्लस जल्द ही एक नया फिक्शन शो लॉन्च करने जा रहा है, जिसे मुक्ता धोंड की मल्हार प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड प्रोड्यूस कर रही है। इससे पहले खबर आई थी कि शो में पारस कलनावत और श्रुति संजीव चौधरी लीड रोल में नजर आ सकते हैं। अब इस शो को लेकर एक और बड़ा अपडेट सामने आया है।

**क्या शो में शामिल होंगी अदा खान?** रिपोर्ट्स के अनुसार, टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री अदा खान भी इस नए शो का हिस्सा बन सकती हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें शो में एक अहम निगेटिव शेड वाले किरदार के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक इस कास्टिंग की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है ।जब अदा खान से इस बारे में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, च्मुझे नहीं पता, मैं आपको बाद में कॉल करती हूं ।ज्ज उनके इस जवाब के बाद फैंस के बीच शो को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।

अगर यह कास्टिंग फाइनल होती है, तो दर्शकों को अदा खान एक बार फिर दमदार निगेटिव किरदार में देखने को मिल सकती हैं। अदा अपने मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस और ग्रे शेड वाले रोल्स के लिए जानी जाती हैं, ऐसे में उनका यह नया अवतार शो में नया रोमांच जोड़ सकता है।

# जेलर 2 एक्ट्रेस को कौन करना चाहता है बदनाम?



जेलर 2 में रजनीकांत संग नजर आने वालीं एक्ट्रेस अन्ना राजन की हाल ही एक मॉर्फ्ड और आपत्तिजनक तस्वीर वायरल हो गई, जिसे देख वह भड़क गईं। अन्ना ने उसे निजता का उल्लंघन और शर्मनाक हरकत बताया। साथ ही पुलिस में शिकायत की बात कही है।

हाल ही जेलर 2 एक्ट्रेस अन्ना हजारे की आपत्तिजन तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसके कारण वह भड़की हुई हैं। इस मामले में उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवाने का फैसला किया है। अन्ना राजन ने अपनी ऐसी ही एक एआई से बनाई तस्वीर का स्क्रीनशॉट इंस्टाग्राम पर शेयर किया और उन लोगों को लीगल एक्शन की धमकी दी थी, जिन्होंने उनकी फेक तस्वीरवायरल की। इस मामले में अन्ना राजन ने केरल पुलिस की मदद भी मांगी।

अन्ना राजन ने अपनी फेक तस्वीर का स्क्रीनशॉट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। साथ ही उस अकाउंट का भी लिंक शेयर किया, जिसने उनकी फर्जी तस्वीर पोस्ट की है। साथ में अन्ना राजन ने लिखा, इस तस्वीर के साथ छेड़छाड़ करके गलत तरीके से पेश किया गया है। इस तस्वीर को आपत्तिजनक और बदनाम करने के तरीके से एडिट किया गया है, ताकि मेरी छवि को खराब किया जा सके।

● **अन्ना राजन का अपनी फेक तस्वीर देख फूटा गुस्सा**–अन्ना राजन ने आगे लिखा है, यह बहुत ही शर्मनाक है, बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मेरी प्राइवेसी और मर्यादा का उल्लंघन है। मैं इस अकाउंट को इंस्टाग्राम पर ऑफिशियली रिपोर्ट कर रही हूं। साथ ही पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाऊंगी। जो भी इस तरह का आपत्तिजनक कंटेंट शेयर कर रहा है, वह इसके लिए जिम्मेदार होगा। लीगल एक्शन लिया जाएगा और मैं खुद ये मामला आखिर तक लेकर जाऊंगी, ताकि न्याय मिले।

**अन्ना राजन ने केरल पुलिस और साइबर क्राइम अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई करने की अपील की। साथ ही यूजर्स से भी कहा कि वो मॉर्फ किए गए कंटेंट को शेयर या प्रमोट न करें।**

यह बहुत ही शर्मनाक है, बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मेरी प्राइवेसी और मर्यादा का उल्लंघन है। मैं इस अकाउंट को इंस्टाग्राम पर ऑफिशियली रिपोर्ट कर रही हूं। साथ ही पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाऊंगी। लीगल एक्शन लिया जाएगा और मैं खुद ये मामला आखिर तक लेकर जाऊंगी, ताकि न्याय मिले।

● **फैंस से अपील- मॉर्फ्ड कंटेंट को शेयर या प्रमोट न करें**–अन्ना राजन ने केरल पुलिस और साइबर क्राइम अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई करने की अपील की। साथ ही यूजर्स से भी कहा कि वो मॉर्फ किए गए कंटेंट को शेयर या प्रमोट न करें। अन्ना राजन के साथ हुई इस घटना ने फिल्म इंडस्ट्री में चिंता बढ़ा दी है। फैंस ने भी एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है और उनकी हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं।

● **कौन हैं अन्ना राजन?**

अन्ना राजन एक मलयालम एक्ट्रेस हैं। उन्होंने साल 2017 में मलयालम फिल्म अंगमाली डायरीज से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। तब से वह अय्यप्पनम कोशियुम, लोनाप्पन्ते मामोदीसा और डेविड जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अब वह रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में नजर आएंगी। इस फिल्म से वह तमिल सिनेमा में एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं।

# लॉकअप -2 में नेहल चुदासमा की एंट्री?

रियलिटी शो लॉकअप -2 इन दिनों लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। शो में आए दिन नए ट्विस्ट, टास्क और वाइल्ड कार्ड एंट्री दर्शकों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। अब खबर है कि बिग बॉस 19 की चर्चित कंटेस्टेंट नेहल चुदासमा जल्द ही इस शो में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री ले सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स या नेहल की ओर से इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेहल चुदासमा और शो के मेकर्स के बीच बातचीत अंतिम चरण में है। अगर सब कुछ तय रहा तो वह आने वाले एपिसोड्स में रितेश देशमुख और फराह खान द्वारा होस्ट किए जा रहे शो में वाइल्ड कार्ड के रूप में नजर आ सकती हैं।

नेहल चुदासमा ने बिग बॉस 19 में अपने बेबाक अंदाज और दमदार व्यक्तित्व से दर्शकों का ध्यान खींचा था। शो में उन्होंने कई मुश्किल परिस्थितियों का आत्मविश्वास के साथ सामना किया, जिसके बाद उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। यही वजह है कि अब उनके एक और रियलिटी शो में आने की खबर ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है।

**शो में आएंगे नए समीकरण?** रिपोर्ट्स की मानें तो नेहल की एंट्री से शो में नए गठबंधन, नए विवाद और जबरदस्त मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। इससे पहले शो में शिल्पा शिंदे की वाइल्ड कार्ड एंट्री भी काफी चर्चा में रही थी। वहीं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा के नाम को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं।